देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 316 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...घूमने को लेकर स्वतंत्र नजरिया



देहरादून, बुधवार, 29 जनवरी 2020

# पेज थ्री




मौसम अधिकतम 14.0° न्यूनतम 6.0° | 40966.86 | 2 50 लाख वुहान निवासी दूसरे शहरों में | 7 सीरीज जीतने के लिए उतरेगा भारत

## संक्षिप्त समाचार

### वे आपके घरों में घुसेंगे, बेटियों से रेप करेंगे, मारेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव में प्रचार और सभी मुद्दे अब शाहीन बाग की ओर सिमटते नजर आ रहे हैं। अब पश्चिम दिल्ली से बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने शाहीन बाग की तुलना कश्मीर से कर दी। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन–बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे। इसलिए आज समय है। कल मोदी और अमित शाह नहीं आएंगे बचाने। वर्मा ने तो यहां तक कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो एक घंटे के भीतर शाहीन बाग को खाली करा दिया जाएगा। वर्मा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के विवादित बयान गोली मारो... का भी बचाव किया और कहा कि देश की जनता भी गद्दारों के साथ ऐसा ही सलूक चाहती है।

### 2002 सरदारपुरा दंगा के 17 दोषियों को सुको से मिली जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गोधरा कांड के बाद 2002 में सरदारपुरा में भड़के दंगों में दोषी ठहराए गए 17 दोषियों को मंगलवार को सशर्त जमानत दे दी। इन्हें गुजरात हाई कोर्ट ने दोषी ठहराया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सभी दोषियों ने शीर्ष अदालत में अपील दायर की थी। था। इस घटना में अल्पसंख्यक समुदाय के 33 लोगों को जिंदा जला दिया गया था । शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में उन्हें मध्य प्रदेश जाने और वहां सामुदायिक सेवा करने को कहा है।

### मरकर हिंदुस्तान की मिट्टी में मिल जाएंगे, लेकिन पाक नहीं जाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान से आए 25 हिंदू परिवार नानकसर गुरुद्वारे के पीछे जंगल में झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। यह जगह सिग्नेचर ब्रिज के पास है। वे अपने मां–बाप और भाई–बहन को छोड़कर आए हैं। कई अपने बच्चों को भी पाक में छोड़ जान बचाकर आए हैं। कोई एक महीने पहले आया है, तो कुछ 10–15 दिन पहले। पीड़ितों ने बताया कि पाकिस्तानी हुक्मरान हिंदुओं को आने नहीं देते।

# पुलिस शिकंजे में शरजील

## दिल्ली पुलिस ने शरजील इमाम के सरेंडर की रिपोर्ट्स को किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। देश को टुकड़ों में बांट देने जैसा विवादित भाषण देने के बाद छिपते फिर रहे जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम को पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया है। असम को भारत से अलग करने के भड़काऊ बयान के बाद शरजील चर्चा में आया था। बताया जा रहा है कि शरजील को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार किया है। इससे पहले उसके भाई को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। शरजील की गिरफ्तार के बाद उसके वकील ने कहा है कि शरजील ने पहले सरेंडर किया है, फिर उसे गिरफ्तार किया गया है। शरजील के खिलाफ पांच राज्यों में केस दर्ज हैं। दिल्ली पुलिस ने देशद्रोह के आरोपी जेएनयू स्टूडेंट शरजील इमाम के वकील के उस दावे को खारिज किया है कि उसने पुलिस के सामने सरेंडर किया था। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरेंडर कोर्ट के सामने होता है, उसे गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि शरजील को मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब जहानाबाद में गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस के डीसीपी (क्राइम) राजेश देव ने शरजील इमाम को गिरफ्तार किए जाने की पूरी कहानी बताई कि कैसे बिहार पुलिस के सहयोग से 26 जनवरी से ही तमाम जगहों पर छापे मारे जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस के सहयोग से दिल्ली पुलिस ने जहानाबाद के काको स्थित शरजील के गांव से उसे गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि शरजील फिलहाल जेएनयू का छात्र है। उन्होंने उसके भड़काऊ भाषण का एक विडियो भी जारी किया।



### शरजील को दिल्ली लाने की चल रही तैयारी

दिल्ली पुलिस के डीसीपी (क्राइम) राजेश देव ने बताया कि शरजील को दिल्ली लाने की प्रक्रिया चल रही है और उसकी ट्रांजिट रिमांड ली जा रही है। उन्होंने कहा कि उसे वहां से जल्द से जल्द सबसे छोटे रूट से लाने की तैयारी चल रही है। दिल्ली में सीएए के खिलाफ शाहीन बाग में हो रहे विरोध–प्रदर्शन के मुख्य आयोजकों में से एक शरजील इमाम का एक विडियो सामने आया था जिसमें वह असम को देश से काटने की बात कर रहा था। बिहार के अडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जीतेंद्र कुमार ने बताया कि बिहार पुलिस के सहयोग से दिल्ली पुलिस ने शरजील को गिरफ्तार किया।

### शरजील के पिता ने जेडीयू टिकट पर लड़ा चुनाव

शरजील का परिवार मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले के काको का रहने वाला है। शरजील के पिता अकबर इमाम जेडीयू नेता थे। कुछ साल पहले उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो चुका है। सीएम नीतीश कुमार के करीबी रहे अकबर इमाम ने साल 2005 में जहानाबाद सीट से जेडीयू के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था, जेडीयू की गठबंधन सहयोगी होने के नाते उस चुनाव में उन्हें बीजेपी का भी साथ मिला था। हालांकि वह आरजेडी के उम्मीदवार सच्चिदानंद राय से 3000 से ज्यादा वोटों से चुनाव हार गए थे।

## निर्भया के दोषी मुकेश का गंभीर आरोप, तिहाड़ में अक्षय संग सेक्स को किया मजबूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप में दोषी मुकेश ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक सनसनीखेज आरोप लगाया है। उसका कहना है कि तिहाड़ जेल में उससे जबरन सेक्स करवाया गया, वह भी केस के अन्य दोषी के साथ। बता दें कि मुकेश ने 1 फरवरी वाले डेथ वॉरंट को टालने और राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज होने के विरोध में गुहार लगाई थी। कोर्ट में उसी पर सुनवाई चल रही थी। मुकेश की वकील अंजना प्रकाश ने अपनी दलील में दावा किया कि मुकेश को निर्भया केस के एक अन्य दोषी अक्षय के साथ संबंध बनाने को मजबूर किया गया।

# 10 दिन में पाक का काम–तमाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नई दिल्ली में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान का बिना नाम लिए कड़ी चेतावनी दी। पीएम मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश जानता है कि वह भारत से तीन–तीन युद्ध हार चुका है। भारतीय सेना चाहे तो उसे हफ्ते 10 दिन में हरा धूल चटा सकती है। उन्होंने यहां कांग्रेस, बीएसपी समेत विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा कि पहले की सरकारों ने दशकों तक संसद में नागरिकता संशोधन कानून बिल, एनिमी प्रॉपर्टी

■पाकिस्तान पर बिना नाम लिए पीएम मोदी ने चेतावनी दी

बिल लटकाए रखे और अपनी वोट बैंक की राजनीति करते रहे।

एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'हम जानते हैं कि हमारा पड़ोसी देश हमारे खिलाफ 3–3 युद्ध हार चुका है। हमारी सेनाओं को 10 से 12 का वक्त लगेगा उन्हें धूल चटाने में।' अब वह दशकों से भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर कर रहा है। इसमें कई



नागरिकों की जान जा रही है, हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किए जाने का भी जिक्र किया और कहा कि जम्मू–कश्मीर में स्वतंत्रता के समय से ही समस्या थी। कुछ परिवारों और राजनीतिक दलों ने इसे 'जीवित' रखा जिसके परिणामस्वरूप वहां आतंकवाद

### ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने के लिए सीएए लाया गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने और पड़ोसी देशों में रह रहे अल्पसंख्यकों से किए गए भारत के 'पुराने वादे' को पूरा करने के लिए संशोधित नागरिकता कानून लेकर आई है।

पनपा। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से कहा कि उनकी सरकार देश को परेशान कर रहीं दशकों पुरानी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास कर रही है।

## शाह के कहने पर प्रशांत किशोर को जेडीयू जॉइन कराया गया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बीते कई दिनों से एनआरसी और सीएए पर केंद्र सरकार का विरोध कर रहे जेडीयू नेता प्रशांत किशोर के बारे में नीतीश कुमार ने एक बड़ा बयान दिया है। प्रशांत किशोर के जेडीयू जॉइन करने के संबंध में नीतीश कुमार ने कहा कि उन्हें (प्रशांत किशोर) पार्टी में शामिल करने का फैसला उन्होंने बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के कहने पर किया था। इसके अलावा नीतीश ने यह भी कहा कि जिसकी जब तक इच्छा होगी वह तब तक पार्टी में रहेगा। हम लोग की पार्टी अलग किस्म की पार्टी है और सब साधारण लोग हैं।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देश बन गया रेप कैपिटल: राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में कांग्रेस के युवा आक्रोश रैली में बोलते हुए राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपीए के समय देश की विकास दर 9 फीसदी थी। वहीं, मोदी सरकार नए तरीके से जीडीपी नापती है तो विकास दर 5 फीसदी है। केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत अपनी पूंजी जाया कर रहा है। वहीं मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश रेप कैपिटल बन गया है। इससे विदेशों मे देश की छवि खराब हो रही है।

राहुल ने कहा कि अगर मोदी सरकार पुराने तरीके से जीडीपी नापे तो भारत की ग्रोथ रेट ढाइ

### आरोप

अपनी पूंजी बर्बाद कर रहा है 21वीं सदी का भारत

### युवाओं ने रोजगार खोया

राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन पिछले साल हिंदुस्तान में एक करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'एनआरसी की बात होगी, सीएए, एनपीआर की बात होगी लेकिन देश के सामने जो सबसे बड़ी समस्या है जो इस देश के हर परिवार को चुभती है उसके बारे में हमारे पीएम एक शब्द नहीं बोलते हैं।

फीसदी होगी। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दौरान हमारी सरकार गरीबों को पैसा देती थी, जिससे अर्थव्यवस्था चलती थी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था तब चलती है, जब गरीबों के जेब में पैसा जाता है।

### छात्रों के सवाल लेने की चुनौती

राहुल ने कहा, मैं पीएम को चैलेंज करता हूं कि वह हिंदुस्तान की किसी भी युनिवर्सिटी में चले जाएं और अपने भाषण से पहले छात्रों से सवाल लें और उनके जवाब दें। उन्होंने कहा कि पीएम यह नहीं कर सकते लेकिन झूठे वादे जरूर कर सकते हैं। बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, 21वीं सदी का हिंदुस्तान अपनी पूंजी को जाया कर रहा है, बर्बाद कर रहा है। आप जो इस देश के लिए करना चाहते हैं और कर सकते हैं उसे आपकी सरकार और हमारे प्रधानमंत्री होने नहीं दे रहे हैं।